**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 30.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर झारखंड पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। राष्ट्रपति कल दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर देवघर पहुंचेंगी और एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी।

***************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राजभवन में ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने शिष्टाचार भेंट की और उन्हें रक्षा–सूत्र बांधा। राज्यपाल ने ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना और महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

***************************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केवल तीन वर्ष में ही वंदे भारत रेल सेवा सभी राज्यों में उपलब्ध है। लोकसभा में आज एक प्रश्न के उत्तर में श्री वैष्णव ने बताया कि फिलहाल देशभर में 144 वंदे भारत रेलगाड़ियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि इस रेलगाड़ी की संचालन प्रतिक्रिया काफी उत्साहजनक है और इसलिए राज्यों से ऐसी रेलगाडियों की और अधिक मांग आ रही है।

***************************

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन लिए जाएंगे। वर्ष 2026 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किये जाने वाले पद्म पुरस्कार–2026 के लिए नामांकन इस वर्ष 15 मार्च से शुरू हो गए हैं।

***************************

जामताड़ा उपायुक्त रवि आनंद के नाम से साइबर अपराधियों ने फर्जी व्हाट्सएप नंबर के जरिए लोगों को ठगने का प्रयास किया है। उपायुक्त ने आमजन से ऐसे संदेशों को नजरअंदाज करने और तुरंत जिला प्रशासन या पुलिस को सूचित करने की अपील की है।

***************************

डालटनगंज में मेदिनीनगर नगर निगम ने फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के मामले में आज कचहरी स्थित एक फोटो स्टेट दुकान में छापेमारी कर उसे सील कर दिया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान दुकान से कई फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और अन्य सर्टिफिकेट बरामद किए गए। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत मेहता के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद मामले की गहन जांच की जा रही है।

***************************

गढ़वा के कांडी थाना क्षेत्र के मडरा गांव में आज सुबह एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना के पीछे भूमि विवाद बताया है, परिजन और ग्रामीण मौके पर एसपी को बुलाने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं।

***************************

सरायकेला–खरसावां के नगर क्षेत्र में कल रात एक जंगली हाथी नगर घुस आया और उसने साप्ताहिक हाट परिसर में एक कार को क्षतिग्रस्त कर दी। इसके बाद हाथी बिरसा मुंडा स्टेडियम, गैरेज चौक, व्यवहार न्यायालय परिसर होते हुए ग्रामीण इलाके की ओर चला गया। वन विभाग हाथी को जंगल की ओर ले जाने के प्रयास में जुटा है।

***********************

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर गिरिडीह, चतरा, पूर्वी सिंहभूम और हजारीबाग के कुछ हिस्सों में वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने बताया कि इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। किसानों और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ के नीचे नहीं ठहरने की सलाह दी गई है।

***********समाप्त***********